_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date-                                    Class - V

Subject- Hindi Language                  Page-1

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

दोहराई

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

बच्चो! आज आपको इस पाठ में पर्यायवाची शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द और अपठित गद्यांश की दोहराई भेजी जाएगी। यह पाठ आपको 22 अगस्त, 2022 को भेजा जाएगा। यह आवाज़ रोमा रानी की है।

प्रश्न-1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें-

(क) मानव          (घ) सेवक
(ख) इच्छा          (ङ) जंगल
(ग) सागर          (च) आँख

प्रश्न-2. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें-

(क) जो प्रशंसा के योग्य हो -
(ख) जिसने अपराध न किया हो -
(ग) दूसरे देश का -
(घ) प्रत्येक दिन होने वाला -
(ङ) जल में निवास करने वाला -
(च) जो सदा सत्य बोले -

प्रश्न-3 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखें -

Scanned with CamScanner

Date-                                   Class - V

Subject - Hindi Language        Page - 2

Subject Teacher - Ms Roma Rani

चलना मनुष्य का स्वभाव है। पानी भी चलता है, हवा भी चलती है, समय भी चलता है और मनुष्य भी चलता है। प्राचीन समय में एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचने के लिए मनुष्य मीलों पैदल यात्रा करता था। कई बार यात्रा इतनी लंबी हो जाती थी कि वर्षों लग जाते थे। कई बार तो मार्ग में यात्री बीमार होकर मर भी जाते थे। फिर पालकियों का प्रयोग किया जाने लगा। इन्हें चार लोग उठाते थे, मगर रास्ते में चलते-चलते थके लोगों की जगह लेने के लिए आठ या बारह लोग साथ में चलते थे। पालकियों का प्रयोग अधिकतर स्त्रियों के लिए किया जाता था। पहिये के आविष्कार ने मनुष्य का जीवन ही बदल दिया। इसके आविष्कार से सर्वप्रथम बैलगाड़ी बनी, जिसके द्वारा यात्रा सुगम व सस्ती होने लगी। धीरे-धीरे इसी पहिये से मशीन से चलने वाली मोटर गाड़ियाँ सड़कों पर दौड़ने लगीं।

(क) प्राचीन समय में मनुष्य कैसे यात्रा करता था?

(ख) पालकियों का प्रयोग किनके लिए किया जाता था?

(ग) पालकी कितने लोग उठाते थे?

(घ) पहिये के आविष्कार के बाद यातायात के किस साधन का निर्माण हुआ?

(ङ) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

नोट :- बच्चो दोहराई के इन प्रश्नों को करने से पहले इन कार्यों को अच्छे से याद करें।

परीक्षा में आपको इसी तरह के प्रश्न पूछे जाएँगे।

धन्यवाद

Last page